>

Ttile: Regarding modernization of Shahjahanpur railway station in Uttar Pradesh.

श्री अरूण कुमार सागर (शाहजहाँपुर): माननीय अध्यक्ष महोदय, आज आपने मुझे पहली बार इस सदन में बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपका आभार व्यक्त करता हूँ । सबसे पहले मैं देश के प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी का और हमारी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जी का आभार व्यक्त करता हूं, जिन्होंने मुझे जनपद शाहजहाँपुर से प्रतिनिधित्व करने का अवसर दिया है ।

माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं उत्तर प्रदेश के लोक सभा क्षेत्र शाहजहाँपुर से आता हूँ । मैं आपका ध्यान रेलवे स्टेशन की ओर दिलाना चाहता हूं । हमारा क्षेत्र शहीदों की नगरी कहा जाता है । वह ठाकुर रोशन सिंह, अशफाक उल्लाह खां जैसे कई शहीदों की धरती है । माननीय अध्यक्ष महोदय, शाहजहाँपुर जनपद में रेलवे स्टेशन का मुख्यद्वार तथा प्लेटफार्म नंबर **1** उत्तर की ओर स्थित है । नगर की आबादी का लगभग **75** प्रतिशत भाग रेलवे स्टेशन के दक्षिण की ओर बसता है । माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपसे तथा रेल मंत्री जी से अनुरोध करना चाहूँगा कि हमारी आबादी का 75 प्रतिशत हिस्सा दूसरी तरफ है, क्योंकि जहाँ मुख्यद्वार है, वहाँ पर काफी जाम की स्थिति रहती है ।

माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय मंत्री जी से निवेदन करना चाहूँगा कि वहाँ पर टिकट घर बनवाने का कार्य किया जाए । मैं आपका बहुत-बहुत आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद देना चाहता हूँ ।

माननीय अध्यक्ष : श्रीमती हेमामालिनी– उपस्थित नहीं ।

श्री विनोद कुमार सोनकर ।